अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया

आज दिनांक 7 मई, 2022 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के दिशा निर्देशन में रेडक्रॉस के संस्थापक सर जिन हेनरी दुननत के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ हुई। तत्पश्चात सर जिन हेनरी दुननत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जयपाल सिंह, यूथ रेडक्रॉस कोर्डिनेटर ने सर जिन हेनरी दुननत की जीवनी प्रस्तुत की व वालंटियर्स को उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सहायता करना मानव का परम धर्म है। कार्यक्रम अध्यक्ष महोदया मैडम कमल टंडन जी ने अपने वक्तव्य में निश्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा नर सेवा ही सही मायने में नारायण सेवा है। इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने के लिए वालंटियर्स को प्रशंसा पत्र देकर समन्नित किया गया। वालंटियर्स ने सेवा भाव को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाने की शपथ ली। इस अवसर पर यूथ रेडक्रॉस काउंसलर सुभाष कैलोरिया व लवकेश, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड काउंसलर डॉ. देवेंद्र मौजूद रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष महोदया ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजक समिति को बधाई दी।